# सीबीएसई क्लस्टर- 4 टेबल टेनिस चैंपियनशिप हुई शुरू



**प्रदेश के 45 से ज्यादा स्कूल शामिल, 7 से 9 अगस्त तक चलेगी चैंपियनशिप**

**KANPUR (7 Aug):** सर पदमपत सिंघानिया एजुकेशन सेंटर में सबीएसई क्लस्टर- 4 टेबल टेनिस चैंपियनशिप-2026 का भव्य उद्घाटन हुआ. 7 से 9 अगस्त तक चलने वाली तीन दिवसीय अंतरविद्यालयी प्रतियोगिता में प्रदेश के 45 से अधिक स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया.

मुख्य अतिथि डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि संजीव पाठक (अध्यक्ष, यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन), संजय टंडन व सीबीएसई पर्यवेक्षक विवेक कुमार ओझा मौजूद रहे. दीप प्रज्जवलन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई. स्टूडेंट्स ने स्वागीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया. सीबीएसई ध्वजारोहण के बाद एथलीट्स ने शपथ ली. संजीव पाठक ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं है बल्कि व्यक्तित्व निर्माण,आत्मविश्वास और निरंतर बेहतर करने की प्रेरणा का मार्ग है. प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने कहा यह चैंपियनशिप ज़ीत हार से आगे निरंतर प्रयास चुनौतियों का सामना करने और स्वयं को बेहतर बनाने का अवसर है.

## ये रहे पहले दिन के परिणाम

पहले दिन द चिंटल्स स्कूल ने सेंट मेरी स्कूल इटावा को 3-0 से हराया. दिबियापुर ने जेबी एकेडमी अयोध्या को 3-1 से हराया. इसी तरह डीपीएस बर्रा ने एलपीएस उन्नाव को हराकर 3-0 से जीत दर्ज की.